## संपादकीय

# यात्रा का हासिल

बड़े तामझाम के बीच हुए अभूतपूर्व स्वागत ने निःसंदेह अमेरिकी राष्ट्रपति को वाणी का संयम तो दिया ही है, अन्यथा वे अपने बेबाक कटु बोलों से कहां पीछे हटते हैं। इस्लामिक आतंकवाद से लड़ने की प्रतिबद्धता जताकर जहां उन्होंने भारत की चिंताओं को संबल दिया, वहीं सरकार को देश-विदेश में सीएए, एनआरसी व कश्मीर के मुद्दे पर घेरने की कोशिशों से कुछ राहत जरूर मिलेगी। ट्रंप ने इन्हें भारत का आंतरिक मुद्दा बताकर सरकार की चिंताओं को कम किया है। वरना उन्होंने भारत आने से पहले भारत में धार्मिक आजादी को लेकर जैसे सवाल उठाये थे, वे सरकार की चिंताएं बढ़ाने वाले ही थे। मीडिया के एक वर्ग में सीएए व कश्मीर के मुद्दे पर ट्रंप के रवैये को लेकर जो आशंकाएं जतायी जा रही थीं, वे निर्मूल साबित हुईं। निःसंदेह कहीं न कहीं नरेंद्र मोदी के स्वागत समारोह को भव्य बनाने का ट्रंप-कार्ड लक्ष्य को हासिल करता नजर आया। सरकार के लिए यह भी राहतकारी रहा कि उनकी यात्रा के दौरान दिल्ली में सीएए समर्थकों और विरोधियों के बीच हुए टकराव के बाद जो हिंसा फैली, उस पर कोई बयान देने से भी ट्रंप ने गुरेज किया। जहां तक बड़े व्यापारिक समझौते के सवाल हैं तो ट्रंप पहले ही कह चुके थे कि वह अब तो नहीं ही होगा। संभव है अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले या यदि फिर ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं तो उसके बाद। ट्रंप भारत व नरेंद्र मोदी के बारे में मीठा-मीठा बोलकर गये हैं, जिस पर सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। मगर हमें यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप के रणनीतिकारों ने इस आयोजन का मकसद भी नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशियों को साधने का रखा था। निःसंदेह चालीस लाख प्रवासी भारतीय अमेरिकी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, जिनका रुझान अब तक विपक्षी डेमो `ट्स की तरफ ही रहा है।

कह सकते हैं कि तीन अरब डॉलर का रक्षा समझौता ट्रंप द्वारा घरेलू उद्योग जगत को समझाने के लिये काफी होगा। रक्षा उद्योग को राहत उनके चुनाव में मददगार हो सकती है। साथ ही भारत के कारोबारी रिश्तों में जिस असंतुलन की बात ट्रंप करते रहे थे, उसमें भी कमी आएगी। इसके अलावा भारत को चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली रक्षा चुनौतियों से निपटने में भी आधुनिक रक्षा उपकरणों द्वारा मदद मिलेगी। इस मायने में ट्रंप का भारत दौरा भू-राजनीतिक समीकरणों में संतुलन बनाने में सहायक होगा। जहां तक बड़े व्यापारिक समझौते का सवाल है तो भारत अपने नागरिकों की संवेदनाओं को संरक्षित करने में कामयाब हुआ है। अमेरिका जिन डेयरी उत्पादों को भारत में कम टैक्स के साथ खपाने की मांग करता रहा है, वे मांसाहारी चारा खाने वाली गाय-भैंसों का होता है जो भारत में शाकाहारी लोगों की बहुलता के चलते नये विवाद को जन्म देता।

# क्राइस्टचर्च टेस्ट : रन मशीन कप्तान कोहली फिर फेल, भारत 242 पर ढेर



**क्राइस्टचर्च।** रन मशीन के नाम से मशहूर कप्तान विराट कोहली सहित भारतीय बल्लेबाज एक बार फिर न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते दिखाई दिए, जिसके चलते भारतीय क्रिकेट टीम यहां हेग्ले ओवल मैदान पर खेले जा रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को कीवी गेंदबाजों के कहर के आगे अपनी पहली पारी में 242 रनों पर ढेर हो गई। भारतीय टीम एक समय चायकाल तक पांच विकेट 194 रन बनाकर थोड़ी सम्माजनक स्थिति में थी। लेकिन चायकाल के बाद वह 48 रन और जोड़कर 242 रन पर सिमट गई।

मेजबान न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 38 रन बना लिए है और वह अभी भारत के स्कोर से 204 रन पीछे है। स्टंप्स के समय टॉम लाथम 40 गेंदों पर एक चौके के सहारे 12 और टॉम ब्लैंडल 51 गेंदों पर तीन चौकों के मदद से 19 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले भारतीय टीम ने चायकाल के बाद पांच विकेट पर 194 रन से आगे खेलना शुरू किया। मेहमान टीम को छठा झटका 197 के स्कोर पर चेतेश्वर पुजारा (54) के रूप में लगा। पुजारा ने 140 गेंदों पर छह चौके लगाए। भारतीय टीम ने इसके कुछ देर बाद ही 207 के स्कोर पर ऋषभ पंत (12) के रूप में खोया।

इसके बाद उसने अपना आठवां विकेट इसी स्कोर पर उमेश यादव (0)के रूप में और नौवां विकेट 216 के स्कोर पर रवींद्र जडेजा(9)के रूप में तथा अंतिम विकेट 242 के स्कोर पर मोहम्मद शमी (16) के रूप में गंवाया। उनके अलावा भारतीय कप्तान विराट कोहली एक बार फिर से विफल रहे। कोहली ने 23 मिनट तक क्रीज पर समय बिताया, जिसमें उन्होंने 15 गेंदों का सामना किया और केवल तीन ही रन बनाए।

# एयरटेल ने और चुकाए 8 हजार करोड़, अब 17000 करोड़ बकाया




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एजीआर पर जारी विवाद के बीच भारती एयरटेल ने 8004 करोड़ की दूसरी किस्त जमा की है। इससे पहले कंपनी ने 10000 करोड़ रुपये जमा किया था। टेलिकॉम डिपार्टमेंट के मुताबिक, एयरटेल पर कुल 35000 करोड़ रुपये का बकाया है। ऐसे में अब एयरटेल को 17000 करोड़ रुपये और चुकाने हैं।

वोडाफोन ने भी 17 फरवरी को 2500 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। वोडाफोन आइडिया पर 53000 करोड़ का एजीआर बकाया है। एयरटेल की तरफ से जब पहली किस्त का भुगतान किया गया था, तब कंपनी ने कहा था कि वह सेल्फ असेसमेंट के बाद 17 मार्च से पहले सारा भुगतान कर देगी।

टेलिकॉम कंपनियों का कहना है कि डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन ने एजीआर को लेकर जो आंकड़ा दिया है वह बहुत ज्यादा है। इसमें लाइसेंस फीस, स्पेक्ट्रम चार्जेज, इंट्रेस्ट और पेनाल्टी गलत तरीके से कैलकुलेट किए गए हैं। ऐसे में ये कंपनियां टेलिकॉम ट्रिब्यूनल जाने का मन बना चुकी हैं। डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्युनिकेशन्स के मुताबिक, वोडाफोन आइडिया पर 56709 करोड़ का बकाया है, जबकि कंपनी के सेल्फ असेसमेंट में यह राशि 23000 करोड़ है।

# रियलमी ने सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम के साथ लॉन्च किया स्मार्टफोन



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रियलमी ने भारत में पहला नाविक (एनएवीआईसी) नेविगेशन सपोर्ट वाला स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। इसकी जानकारी रियलमी के सीईओ माधव सेठ ने एक ट्वीट के जरिए दी है। नाविक भारत का अपना सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है। सेठ ने खुलासा किया कि नाविक सपोर्ट वाला दुनिया का पहला ही नहीं बल्कि दूसरा फोन भी रियलमी की ओर से ही पेश किया जाएगा, जिसका अनावरण पांच मार्च को किया जाएगा। मजेदार बात यह है कि इससे पहले श्याओमी के उपाध्यक्ष और श्याओमी इंडिया के प्रबंध निदेशक मनु कुमार जैन ने 25 फरवरी को एक ट्वीट कर कहा था कि उनका रेडमी स्मार्टफोन आने वाला है, जोकि भारत में पहला नाविक (एनएवीआईसी) नेविगेशन सपोर्ट वाला स्मार्टफोन होगा। मगर इससे पहले ही रियलमी ने इस तरह का स्मार्टफोन लॉन्च कर एक बार फिर से श्याओमी को बड़ा संदेश दिया है। इससे पहले भी दोनों कंपनियां एक-दूसरे के साथ नोक-झोंक करती नजर आ चुकी है।

# सस्ता हो गया सोना

**नईदिल्ली।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में रही नरमी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में शनिवार को चाँदी और सोना में भारी गिरावट दर्ज की गयी। चाँदी 1,100 रुपये की गिरावट के 45,700 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी और सोना 850 रुपये उतरकर 42,870 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। विदेशों में सप्ताहांत पर दोनों कीमती धातुओं में भारी गिरावट देखी गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 1600 डॉलर से नीचे उतरकर 1,586.25 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 57.80 डॉलर की गिरावट लेकर 1,582.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

# आने वाला दशक कारोबार और विकास करने के लिए ऐतिहासिक अवसरः मुकेश अंबानी

**नईदिल्ली। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद देश में आर्थिक मंदी का दौर बना हुआ है। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बार-बार कह रही हैं कि देश जल्द ही आर्थिक मोर्चे पर बेहतर स्थिति में होगा।**



अब सरकार के इस तर्क को प्रसिद्ध उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का भी समर्थन मिला है। अंबानी ने कहा है कि आने वाला दशक कारोबार और विकास करने के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा और भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा।

बता दें कि चालू वित्त वर्ष (2019-20) की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में विकास दर में मामूली सुधार हुआ है, जिस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था में स्थिरता दिखाई देना अच्छा संकेत है। वहीं एक कार्यक्रम में मुकेश अंबानी ने कहा कि मौजूदा आर्थिक सुस्ती अस्थाई है और बाहरी उतार-चढ़ाव से प्रभावित है। उन्होंने कहा कि देश को अगले दशक के लिए और अधिक आशावादी होने की वजह है।

अंबानी ने कहा, मुझे लगता है कि हमने अस्थाई पीड़ाएं झेली हैं, लेकिन वित्त मंत्री ने जो नेतृत्व प्रदान किया है इससे उबरने वाले हैं। विदेशी उतार-चढ़ावों ने हमें प्रभावित किया है, लेकिन मैं बहुत बहुत आशावादी हूं।

# आरआईएल ने आलोक इंडस्ट्रीज में 37.7 प्रतिशत शेयर हासिल किए



**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शनिवार को कहा कि उसने दिवाला संहिता के तहत कपड़ा निर्माता आलोक इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 37.7 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। यह सौदा 250 करोड़ रुपये में हुआ। आलोक इंडस्ट्रीज के अधिग्रहण के लिए रिलायंस ने जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकन्सट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के साथ संयुक्त रूप से बोली लगाई थी। उधारदाताओं के ऋणों की वसूली के लिए आलोक इंडस्ट्रीज को दिवालियापन कानून के तहत नीलाम किया गया। नेशनल कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की अहमदाबाद पीठ ने पिछले साल संयुक्त बोली को मंजूरी दी थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया, स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, आलोक ने आज आरआईएल को एक रुपये मूल्य के 83.33 करोड़ इक्विटी शेयर प्रीमियम पर दो रुपये प्रति शेयर की दर से आवंटित किए, जिसके लिए कुल 250 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। आरआईएल ने बताया कि इस अधिग्रहण के बाद उसके पास आलोक इंडस्ट्रीज के 37.7 प्रतिशत इक्टिटी शेयर होंगे।

# सात फीसदी टूटे सेंसेक्स-निफ्टी, निवेशकों को 11 लाख करोड़ की चपत



**मुंबई।** कोरोना के कहर से दुनियाभर में मचे कोहराम के कारण भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता कारोबारी सप्ताह बीते एक दशक से ज्यादा समय का सबसे मनहूस सप्ताह रहा। विदेशी बाजार से मिले निराशाजनक संकेतों से घरेलू बाजार में आई भारी गिरावट के कारण निवेशकों का करीब 11 लाख करोड़ रुपये डूब गया। सेंसेक्स पिछले सप्ताह के मुकाबले करीब सात फीसदी टूटा, जबकि निफ्टी में सात फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को पिछले सप्ताह के मुकाबले 2,872.83 अंकों यानी 6.98 फीसदी की भारी गिरावट के साथ 38,297.29 पर बंद हुआ।

## आज का राशिफल

मेषः आज प्रथम लग्न भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सायं 5 बजे तक कोई खास डील निश्चित होने की संभावना है।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी रचनात्मक और कलात्मक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है।

सिंहः आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

कन्याः आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

वृश्चिकः आर्थिक स्थिति की बात करें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, अतः प्रय शील रहें।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः आज का दिन सामान्य है। संभावना है कि भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा।

कुंभः आज आपके स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा।

# तमिल हिट थंडम के हिंदी रीमेक में डबल रोल में दिखेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा



पिछले दिनों ऐसी रिपोर्ट आई थी कि को 2019 में आई तमिल सुपरहिट फिल्म थंडम के हिंदी रीमेक के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को साइन किया गया है। इस फिल्म में पहली बार सिद्धार्थ डबल रोल निभाते नजर आएंगे।

इसमें उनका एक रोल एक बिजनसमैन का होगा जबकि दूसरा रोल एक छोटे चोर का होगा। अब खबर आ रही है कि इसकी शूटिंग मई के महीने से शुरू हो जाएगी। फिल्म की शूटिंग दिल्ली में शुरू होगी और 2 महीने के शेड्यूल में एक ही बार में इसे पूरा शूट कर लिया जाएगा।

पिछले दिनों ऐसी रिपोर्ट आई थी कि को 2019 में आई तमिल सुपरहिट फिल्म थंडम के हिंदी रीमेक के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को साइन किया गया है। इस फिल्म में पहली बार सिद्धार्थ डबल रोल निभाते नजर आएंगे। इसमें उनका एक रोल एक बिजनसमैन का होगा जबकि दूसरा रोल एक छोटे चोर का होगा। अब खबर आ रही है कि इसकी शूटिंग मई के महीने से शुरू हो जाएगी। फिल्म की शूटिंग दिल्ली में शुरू होगी और 2 महीने के शेड्यूल में एक ही बार में इसे पूरा शूट कर लिया जाएगा। बता दें कि ऑरिजनल तमिल फिल्म थंडम में अरुण विजय ने लीड रोल निभाया था। रीमेक का डायरेक्शन एक नए डायरेक्टर वर्धन केतकर करेंगे। वर्धन इससे पहले सिद्धार्थ की फिल्मों ब्रदर्स और कपूर ऐंड संस के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं। इस फिल्म के अलावा सिद्धार्थ इस समय कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक में काम कर रहे हैं जिसमें उनके साथ कियारा आडवाणी दिखाई देंगी।

# आलिया भट्ट निर्देशक साकेत चौधरी की फिल्म में आएंगी नजर



बॉलिवुड में ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट अपने लिए एक विशेष स्थान रखती हैं। गली बॉय ने आलिया के ग्राफ को काफी तेजी से ऊपर बढ़ाया है। फिलहाल वह रणबीर कपूर के साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र में दिखने वाली हैं। इस बीच आलिया को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि हिंदी मीडियम के डायरेक्टर साकेत चौधरी एक और सोशल ड्रामा फिल्म बनाने जा रहे हैं। आलिया भट्ट इस फिल्म का हिस्सा होंगी। इरफान खान स्टारर हिंदी मीडियम के बाद साकेत एक और सोशल ड्रामा फिल्म पर काम कर रहे हैं। साकेत ने कुछ खास खुलासा नहीं किया था। रिपोर्ट के मुताबिक अब यह जानकारी हाथ लगी है कि वह यह फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रड्यूस करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल के लिए आलिया भट्ट को अप्रोच किया गया है।

फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि आलिया भट्ट ने इस सोशल ड्रामा फिल्म के लिए हामी भर दी है। उन्हें स्क्रिप्ट बेहद पसंद आई है। सूत्र के मुताबिक आलिया जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।

# बेहतरीन स्वाद के साथ झटपट तैयार होगी बंगाली 'आलू पोस्तो'



**आज हम आपके लिए बंगाली आलू पोस्तो की रेसिपी लेकर आए हैं जो बेहतरीन स्वाद देती हैं और झटपट तैयार होती हैं। इसे रोटी या चावल किसी के साथ भी खाया जा सकता हैं।**

**सामग्री :-**

आलू - 4 (छिले, धुले और कटे हुए)
हरी मिर्च - 1
कलौंजी/मंगरैल - 1/2 चम्मच
खसखस/पोस्तो - 2 चम्मच
सरसों तेल - 3-4 चम्मच
हल्दी पाउडर - 1/4 चम्मच
नमक - स्वादानुसार

**विधि :-**

खसखस, हरी मिर्च और 3-4 चम्मच पानी को मिक्स कर इनका स्मूद पेस्ट बना लें। अब एक पैन में तेल गरम करें। इसमें मंगरैल डालकर कुछ सेकेंड भूनें। अब आलू डालकर उसे 4-5 मिनट फ्राई करें धीमी आंच पर। इसे बाद इसमें हरी मिर्च मिलाएं। अब पीसा हुआ मसाला और नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। ढ़ककर 8-10 मिनट पकाएं। अब इसमें 1/2 गिलास पानी भी डालें और कुछ देर और पका लें। तैयार है आलू पोस्तो, चावल या रोटी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 49

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तौं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 49

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.48का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |